

## अभ्यास

**. सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए-**

(क) लकड़ी काटनेवाला क्या कहलाता है?

(अ) बढ़ई (ब) लकड़हारा ✓ (स) लुहार

(ख) प्रतिदिन होने वाला के लिए एक शब्द है—

(अ) साप्ताहिक (ब) वार्षिक (स) दैनिक ✓

(ग) जो खूब मेहनत करता हो, उसे कहते हैं—

(अ) गुणी (ब) परिश्रमी ✓ (स) व्यापारी

**2. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-**

जो विद्या ग्रहण करता/करती हो — विद्यार्थी

जो बंदर का तमाशा दिखाता हो — मदारी

जो परिश्रम से जी चुराता हो — आलसी

पुस्तकें रखने का स्थान — पुस्तकालय

जो लोहे की चीजें बनाता हो — लोहार

छह माह में एक बार होने वाला — छमाही

Hindi II

Lesson- 12

→ (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)

प्र०1 अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग क्यों करते हैं?

उ०- अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करने से वाक्य सरल व प्रभावशाली बन जाते हैं।

प्र०2. चिट्ठी लाने वाले को क्या कहते हैं?

उ०. चिट्ठी लाने वाले को डाकिया कहते हैं।

प्र०3 विद्या प्राप्त करने वाला क्या कहलाता है?

उ०. विद्या प्राप्त करने वाला विद्यार्थी कहलाता है।

दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्दों को पढ़िए और याद कीजिए—



- जिसके पार देखा जा सके → पारदर्शक
- जो नया जन्मा हो → नवजात
- जो लोहे की चीजें बनाता हो → लुहार
- जो चित्र बनाता हो → चित्रकार
- जो पढ़ा-लिखा हो → शिक्षित
- जो पढ़ा-लिखा न हो → अशिक्षित
- जो काम से जी चुराए → कामचोर
- जो खूब मेहनत करता हो → परिश्रमी
- जो आलस करता हो → आलसी
- जिसके माता-पिता न हो → अनाथ
- चिकित्सा करने वाली → चिकित्सिका
- जो डरता हो → डरपोक
- जो किसी से न डरे → निडर







| | |
|---|---|
| जो मिट्टी के बर्तन बनाता हो | कुम्हार |
| जो पुस्तकें लिखता हो | लेखक |
| जो शाक–भाजी खाता हो | शाकाहारी |
| जो मांस खाता हो | मांसाहारी |
| जीवन भर रहने वाला | आजीवन |
| विद्या प्राप्त करने वाला | विद्यार्थी |
| प्रतिदिन होने वाला | दैनिक |
| सप्ताह में एक बार होने वाला | साप्ताहिक |
| महीने में एक बार होने वाला | मासिक |
| भारत में रहने वाला | भारतीय |
| दूसरों का भला करने वाला | परोपकारी |
| जो कुछ न जानता हो | अज्ञानी |
| साथ में पढ़ने वाला | सहपाठी |
| जिसके मन में दया हो | दयालु |
| जिसके पास धन हो | धनी |
| जिसके पास धन न हो | निर्धन |
| अच्छे आचरण वाला | सदाचारी |